उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmall.com

संख्याः 390 /2023–24 देहरादूनः दिनांक 26 मई, 2023

संवाद–260

1– पदनाम–रक्षक(सचिवालय सुरक्षा संवर्ग) भर्ती परीक्षा का परिणाम प्रकाशित किये जाने के संबंध में।

उक्त परीक्षा पूर्व में दिनांक 26.09.2021 को आयोजित की गयी थी। तत्समय परीक्षा में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग किये जाने की पुष्टि पुलिस जांच में होने के उपरांत आयोग द्वारा परीक्षा को निरस्त कर पुनः आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के कम में दिनांक 21 मई, 2023 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पदनाम **रक्षक (सचिवालय सुरक्षा संवर्ग)** (पद कोड–451/661/31/2021) के 33 पदों पर चयन हेतु प्रदेश के 04 जनपदों में पुनर्परीक्षा आयोजित की गई।

लिखित परीक्षा की प्रथम उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्रश्नों/उत्तरों के सम्बन्ध में ऑनलाईन आपत्तियाँ प्राप्त की गईं। निर्धारित समय तक प्राप्त आपत्तियों का विषय–विशेषज्ञों के द्वारा निराकरण करने के उपरान्त अन्तिम उत्तर कुंजी (**Final Answer Key**) के आधार पर मा0 आयोग द्वारा लिए गये निर्णय के अनुक्रम में कुल रिक्त (उर्ध्वाधर/क्षैतिज आरक्षण अनुसार विज्ञापित) पदों के सापेक्ष 02 गुना अभ्यर्थियों की शारीरिक नाप–जोख हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाईट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित की जा रही है।

औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में चयनित अभ्यर्थियों के शारीरिक नाप–जोख हेतु स्थान व समय निर्धारण की सूचना शीघ्र ही आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

2– वैयक्तिक सहायक/आशुलिपिक परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की चयन संस्तुतियां प्रेषित किये जाने के संबंध में।

आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के वैयक्तिक सहायक/आशुलिपिक के पदों पर भर्ती प्रकिया के अंतर्गत दिनांक 30 मार्च, 2022 को परीक्षा परिणाम घोषित कर अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही भी पूर्ण कर ली गयी थी परन्तु अपरिहार्य कारणों से अंतिम चयन संस्तुति प्रेषित किये जाने की प्रकिया पूर्ण नहीं हो पायी थी। आयोग द्वारा आज दिनांक 26.05.2023 को भर्ती प्रकिया के अंतर्गत चयन प्रकिया को पूर्ण करते हुये चयन संस्तुतियां संबंधित नियोक्ता विभागों को प्रेषित कर दी गई हैं।

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव